


प्रधानमंत्री मोदी ने जहां संकल्प पत्र जारी कर यह संदेश दिया कि उनके लिए दलित पिछड़े ओबीसी का विकास विकास अहम है वहीं यह भी स्पष्ट कर दिया कि वह राजनीतिक दबाव में भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने कदम सुस्त नहीं करेंगे। भाजपा ने संकल्प में सिर्फ इतना संदेश दिया कि हमने जो कुछ किया उसे और बेहतर करेंगे और वृहत करेंगे।


# जनहितैषी

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

हिन्दी दैनिक

R.N.I. No. 64278/96 वर्षः28 अंकः 339 दिनांकः15-04-2024 सोमवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठः4 वडोदरा M




महेंद्र सिंह धोनी ने रचा इतिहास, धोनी का टी20 इतिहास में किसी एक टीम के लिए यह 250वां मुकाबला था। ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने, धोनी ने कोहली की बराबरी कर ली।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जारी किया भाजपा का संकल्प पत्र...

70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को 5 लाख तक मुफ्त इलाज, गरीबों के लिए 3 करोड़ घर सहित कई वादें

पांच साल राशन, फ्री बिजली, 10 करोड़ किसानों को पेंशन

नई दिल्ली (ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली स्थित पार्टी दफ्तर में 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का मैनिफेस्टो जारी किया। इसे भाजपा का संकल्प-मोदी की गारंटी नाम दिया गया है। मोदी के साथ मंच पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, अमित शाह और निर्मला सीतारमण मौजूद थे। संकल्प पत्र की पहली कॉपी गुजरात, हरियाणा और छत्तीसगढ़ से आए तीन लोगों को दिया गया। ये वो लोग थें, जिन्हें मोदी सरकार की पिछली किसी न किसी योजना का फायदा मिला। पार्टी ने पिछले 10 साल के वादों और उन्हें पूरा करने पर बना एक वीडियो भी जारी किया।

76 पेज के संकल्प पत्र में भाजपा ने पांच साल तक प्रधानमंत्री राशन योजना के जारी रहने, 70 साल तक के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना का लाभ देने, उज्ज्वला योजना को आगे बढ़ाने, लखपति दीदी-ड्रोन दीदी योजना को आगे बढ़ाने और 10 करोड़ किसानों को आर्थिक सहायता जारी रखने की बात कही गई है।

यानी संकल्प पत्र में लोकलुभावन मुद्दों को भी शामिल करने की कोशिश की गई है। इसके साथ ही पार्टी ने संवेदनशील मुद्दों जैसे एक राष्ट्र, एक चुनाव और समान नागरिक संहिता को लाने का वादा भी किया है। जिस तरह भाजपा ने अनुच्छेद 370, तीन तलाक और राम मंदिर के अपने मुद्दे को पूरा करके दिखाया है, माना जा सकता है कि यदि वह सत्ता में आती है, तो वह अपना वादा पूरा करने में कोई कमी नहीं रखेगी। भाजपा का यह मुद्दा एक विशेष वर्ग खासकर युवाओं के बीच उसकी लोकप्रियता का कारण बन सकता है।

संकल्प पत्र के बड़े वादे-

- युवाओं के लिए

पेपर-लीक पर लगाम लगाने के लिए कानून लाया जाएगा। भाजपा ने कहा कि हमने सरकारी भर्ती परीक्षाओं में अनियमितता को रोकने के लिए सख्त कानून बनाया है। अब, हम इस कानून को सख्ती से लागू करके, युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को कड़ी सजा देंगे। भाजप ने कहा कि उसकी सरकार ने सरकारी भर्ती परीक्षाओं का पारदर्शी आयोजन कर लाखों युवाओं को सरकारी नौकरियों में भर्ती किया है। हम आगे भी सरकारी भर्तियां समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से करते रहेंगे। हम सरकारी परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए इच्छुक प्रदेश सरकारों को भी सहयोग देंगे।

- किसानों के लिए

पीएम किसान योजना से किसानों को मजबूतीः किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती लाई जाएगी। प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी।

सहकारिता के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत पीएचएस में पर्यात भंडारण क्षमता विकास। कीटनाशक के प्रयोग, सिंचाई, सॉइल हेल्थ, मौसम पूर्वानुमान जैसी कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए एक स्वदेशी भारत कृषि डीटेलाइट की लॉन्चिंग। कृषि में सूचना की विसंगति को हटाना और किसान केंद्रित समाधान एवं सेवाएं प्रदान करने के लिए डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास।

-महिलाओं के लिए

एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा। महिला एसएचजी को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा, महिला एसएचजी उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा। औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रख-रखाव। एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता से दूर किया जाएगा। नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन।

रेलवे के लिए

नई रेलवे पटरियों का निर्माण। यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार। अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ी जाएंगी। टिकट की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी। टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता। कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार। विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण। आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार।

विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार। आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा के लिए वंदे स्लीपर ट्रेन की शुरुआत। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी के लिए ट्रेनों का विस्तार। 1,300+ रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों पर पुनर्विकास हो रहा है। इस परियोजना का विस्तार अन्य सभी बड़े और मध्यम आकार के स्टेशनों तक किया जाएगा। मेट्रो नेटवर्क का विस्तार। पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण और पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी किया जाएगा। नागरिकों को ट्रेनों से संबंधित सभी सेवाएं प्रदान करने के लिए सुपर एप। भारत की समृद्ध विरासत के अनुभव के लिए भारत गौरव रेल सेवा आरंभ की गई है। इसका विस्तार देश के सभी प्रमुख आस्था एवं सांस्कृतिक केंद्रों तक होगा।

-संस्कृति के लिए

काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से प्रेरित होकर धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए नई परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। अयोध्या में विश्वभर से करोड़ों बद्धालु श्री रामलला के दर्शन करने आ रहे हैं। अयोध्या नगरी कर सर्वांगीण विकास किया जाएगा। भास्तीय पांडुलिपियों का संरक्षण और अध्ययन।प्राचीन भारतीय सभ्यता, शास्त्रीय भाषाओं, संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण के लिए एक फंड स्थापित किया जाएगा। भारतीय साहित्यिक रचनाओं का विदेशी भाषाओं में अनुवाद। भारतीय ज्ञान परंपराओं पर एक त्रिवार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन। समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को तैयार करने के उद्देश्य से एएसआई स्मारकों का जीर्णोद्धार और संरक्षण। पर्यटन स्थलों के व्यापक विकास के लिए स्वदेश दर्शन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए राज्य सरकारों के साथ काम किया जाएगा। महत्वपूर्ण संतों और दार्शनिकों की जीवन यात्राओं को शामिल किया जाएगा। पर्यटन के लिए थीनेटिक सर्किट का विकास। लक्षद्वीप एवं अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में द्वीप पर्यटन केंद्र। नॉर्थ-ईस्ट भारत और अन्य पहाड़ी राज्यों में एडवेंचर पर्यटन। वेड इन इंडिया का प्रोत्साहन।

-भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम

भाजपा ने कहा कि पिछली सरकारों की अपेक्षा, हमने नागरिकों को पारदर्शी और जवाबदेह शासन प्रदान किया है। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनों का प्रौद्योगिकी के माध्यम से सख्ती से पालन करेंगे।

-समान नागरिक संहिता

भारत के संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के रूप में दर्ज की गई है। भाजपा का मानना है कि जब तक भारत में समान नागरिक संहिता को अपनाया नहीं जाता, तब तक महिलाओं को समान अधिकार नहीं मिल सकता। भाजपा सर्वश्रेष्ठ परंपराओं से प्रेरित समान नागरिक संहिता बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें उन परम्पराओं को आधुनिक समय की जरूरतों के मुताबिक ढाला जाए।

## ईरान का इजराइल पर 300 मिसाइलों-ड्रोन से हमला

अमेरिका बोला- जवाबी हमले में साथ नहीं देंगे

तेहरान/तेल अवीव (ईएमएस)। ईरान की सेना ने शनिवार देर रात 3 बजे (भारतीय समय के मुताबिक) इजराइल पर करीब 300 ड्रोन और मिसाइल से अटैक किया है। इजराइली सेना ने इस हमले की जानकारी दी। अमेरिकी सेना ने कुछ ड्रोन मार गिराए। वहीं, इजराइल के आयरन डोम ने ईरान की तरफ से दागी गईं मिसाइलों को रोका। इजराइल के नेवातिम एयरफोर्स बेस को कुछ नुकसान पहुंचा है। हमले की वजह से मची भगदड़ में 12 लोग घायल हो गए। इजराइली चैनल 12 ने बताया कि ईरान ने ड्रोन हमला किया है। कुछ ड्रोन्स को सीरिया और जॉर्डन में भी मार गिराया गया है।

ईरान ने इजराइल पर इस हमले को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस नाम दिया। दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी एम्बेसी के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो टॉप आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने बदला लेने के लिए इजराइल पर अटैक करने की धमकी दी थी।

डेथ टू इजराइल के नारे लगे

इजराइल पर हमले के बाद रविवार सुबह ईरान की संसद बुलाई गई। न्कार्यवाही शुरू होते ही सांसदों ने डेथ टू इजराइल, डेथ टू अमेरिका के नारे लगाए। इजराइल पर हमला करने के लिए ईरानी सांसद सरकार को धन्यवाद कहते भी दिखे। ईरान ने दावा किया है कि हमले की वजह से ईरान को करीब 836 करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा है। ईरान के हमलों से ज्यादातर नुकसान मिसाइल डिफेंस सिस्टम को पहुंचा। कई मिसाइलें अराद शहर में जाकर गिरीं। कुछ मिसाइलें अल-फाहम शहर पर भी दागी गईं। इससे वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई।

अमेरिका पर भी हमले की धमकी

ईरानी सेना ने अमेरिका को धमकी दी है कि अगर उन्होंने काउंटर अटैक में इजराइल का साथ दिया तो अगला हमला अमेरिकी बेस पर होगा। ईरान की सेना के कमांडर मोहम्मद बघेरी से स्टेट टीवी से कहा कि अगर इजराइल ने हमला किया तो हम आज से भी बड़ा करेंगे।

## यह घोषणा-पत्र नहीं भाजपा का जुमला पत्र है

विपक्ष ने बीजेपी के संकल्प पत्र को लेकर दी प्रतिक्रियाएं

-जिस की खुद की गारंटी नहीं उसकी गारंटी का क्या मान?

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भाजपा ने आज अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। इस घोषणा पत्र को संकल्प पत्र नाम दिया गया है। भाजपा के संकल्प पत्र में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब भाजपा ने संकल्प लिया है कि 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को आयुष्मान योजना के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने मुफ्त राशन योजना को भी अगले पांच साल तक बढ़ाने की बात कही। भाजपा ने संकल्प पत्र में ज्ञान पर फोकस किया है। जिसका अर्थ गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी शक्ति से है। भाजपा के संकल्प पत्र पर विपक्ष ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि इस घोषणापत्र से साफ होता है कि भाजपा के पास जनता को देने के लिए कुछ नहीं है। खरगे ने कहा अपने कार्यकाल में पीएम मोदी ऐसा कोई बड़ा काम नहीं किया जिससे जनता, युवाओं, किसानों को लाभ हो, महंगाई इतनी बढ़ गई है कि उसकी उन्हें चिंता ही नहीं है। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने पहले जो ट्रेलर बताया है उसमें ना डीजल-पेट्रोल के दामों में कमी और ना ही गैस सिलेंडर की बात की है। इससे साबित होता है कि उनके पास लोगों को देने के लिए कुछ खास नहीं है।

वहीं कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि इससे पहले किसी भी सरकार को गोलपोस्ट बदलने की बीमारी नहीं हुई। आपने 2014 में क्या कहा, 2019 में आपने उस पर कोई हिसाब नहीं दिया। 2019 में जुमले और गोलपोस्ट और 2024 में आप 2047 के बारे में बात कर रहे हैं। भाजपा के घोषणापत्र में लिखा है कि वे 2036 ओलंपिक की मेजबानी करेंगे आपको 5 साल का हिसाब देना चाहिए। वे इतनी सफाई से झूठ बोलते हैं लेकिन अब उन्होंने इतना झूठ बोल चुके है कि कोई उन पर भरोसा नहीं करता है। पवन खेड़ा ने कहा कि पीएम मोदी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि मैं अपने बाल सफेद करता हूं, हुजूर आप सिर्फ बाल सफेद नहीं करते हैं, आप झूठ भी बड़े सफेदपोश ढंग से पेश करते हैं। भाजपा के जारी संकल्प पत्र पर म.प्र. कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा ने संविधान को कमजोर किया है। भाजपा सांसद ने कह रहे हैं कि 400 सीटें चाहिए, संविधान बदलना है। उन्होंने भारत को किसानों की हत्या में प्रथम देश बनाया, पीएम मोदी ये बताना नहीं चाहते कि हमारा देश दुनिया में सबसे ज्यादा कर्जदार हो गया है। वह जो बोलते हैं वो करते ही नहीं, ये मोदी की गारंटी है जो बोला झूठ बोला। झूठ की गारंटी, मोदी की गारंटी।

कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा के घोषणा पत्र को लेकर कहा कि इस पर सिर्फ हंस सकते हैं कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सकते। पीएम मोदी ने 2014 में खुद कहा था कि 15 लाख रुपये सबके खाते में डालेंगे लेकिन हुआ क्या? पिछले 10 सालों में तीन गुना बेरोजगारी बढ़ गई। तिवारी ने आगे कहा कि आज किसी की साख खत्म हुई है तो वो खुद पीएम मोदी की हुई है। उन्होंने कहा कि जिस आदमी की खुद की गारंटी नहीं है उसकी गारंटी का क्या मान होगा?

आम आदमी पार्टी (आप) नेता और दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि आज भाजपा ने घोषणापत्र नहीं बल्कि जुमला पत्र जारी किया है। क्योंकि 10 साल सरकार चलाने के बाद भी वे अपने एक भी वादे को पूरा नहीं कर पाए हैं बल्कि 25ङ युवा बेरोजगार हैं, महंगाई चरम पर है। आज एक आम परिवार के लिए घर चलाना कितना मुश्किल हो गया है। जितना खर्चा पूरे देश में आयुष्मान भारत योजना पर हुआ है वो दिल्ली के स्वास्थ्य बजट से भी कम है। पहले भी ऐसे ही जुमला पत्र में कहा गया था कि किसानों की आय दोगुना करेंगे। आज वो वादा गायब हो गया। इस घोषणा पत्र में एमएसपी कानून की बात तक नहीं की गई है। यह घोषणा पत्र नहीं भाजपा के झूठ का जुमला पत्र है।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी, कन्हैया कुमार उत्तर-पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी

नई दिल्ली (ईएमएस)। लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने 10 और उम्मीदवारों के नामों घोषणा की है। दिल्ली में आप के साथ गठबंधन के तहत मिले 3 सीटों पर कांग्रेस ने उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया। कन्हैया कुमार, उदित राज, जेपी अग्रवाल को दिल्ली की तीन सीटों पर पार्टी की तरफ से उम्मीदवार बनाया गया है। कन्हैया कुमार को उत्तर पूर्वी दिल्ली से प्रत्याशी बनाया गया है। यहां उनका मुकाबला बीजेपी के मनोज तिवारी से होगा। वहीं चांदनी चौक से जेपी अग्रवाल, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली से उदित राज को उम्मीदवार बनाया गया है।

दिल्ली की तीन सीटों के अलावा पंजाब की अमृतसर सीट से पार्टी की तरफ से गुरजीत सिंह को उम्मीदवार बनाया गया है। जालंधर से पूर्व मुख्यमंत्री चरनजीत सिंह चन्नी कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे। फतेहगढ़ साहब से अमर सिंह, भटिंडा से जीत मोहिंदर सिंह सिद्धू, संगरुर से सुखपाल सिंह खैरा, पटियाला से धर्मवीर गांधी और इलाहाबाद सीट से उज्जवल रेवती रमन सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है।

## सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग

मुंबई (ईएमएस)। सलमान खान के बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने रविवार सुबह 5 बजे फायरिंग की गई। 2 बाइक सवारों ने 4 राउंड फायर किए। जिस वक्त फायरिंग हुई, उस वक्त सलमान अपने घर में ही थे। इस घटना के बाद महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सलमान खान से फोन पर बात की। शिंदे ने मुंबई पुलिस कमिश्नर से भी बात करते हुए सलमान की सिक्योरिटी बढ़ाने के लिए कहा है। सलमान के घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। खान को लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग ने जान से मारने की धमकी दी थी।

## केजरीवाल की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली,(ईएमएस)। दिल्ली शराब घोटाले में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 15 अप्रैल यानी सोमवार को सुनवाई होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। दिल्ली हाई कोर्ट ने विगत मंगलवार को गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हाई कोर्ट ने ईडी की दलील पर गौर करते हुए कहा था कि ईडी के पास केजरीवाल की गिरफ्तारी के लिए पर्याप्त सबूत हैं। इसमें कुछ बयान और शराब नीति के निर्माण में केजरीवाल के शामिल होने के सबूत शामिल हैं।

केजरीवाल ने हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। हालांकि, सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी से एक ईमेल भेजने के लिए कहा, जो सीएम केजरीवाल की ओर से पेश हुए और तत्काल सुनवाई के लिए मामले का उल्लेख किया।

## लाहौर में सरबजीत के हत्यारे की हत्या

नई दिल्ली (ईएमएस)। लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर सरफराज की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। अमीर सरफराज वही है, जिसने आईएसआई के इशारे पर पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक सरबजीत की हत्या की थी। पाकिस्तान की कोट लखपत जेल में अमीर सरफराज ने सरबजीत की पॉलीथिन से गला घोंटकर और पीट- पीट कर हत्या कर दी थी। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के कहने पर अमीर ने सरबजीत को तड़पा-तड़पा कर मारा था। पंजाब के सरबजीत को पाकिस्तान में जासूसी के आरोप में पाकिस्तानी सेना ने पकड़ा था।

## दुनिया का सबसे मंहगा चुनाव होगा 2024 लोकसभा चुनाव भारत का

नई दिल्ली (ईएमएस)। 18वीं लोकसभा का चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव हो सकता है। दरअसल अनुमान के मुताबिक इस चुनाव में 1 लाख करोड़ रुपए का खर्च हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक 2019 में देश में चुनाव का कुल खर्च करीब 60 हजार करोड़ रूपए (8 बिलियन डालर) था और उस समय यह दुनिया का सबसे महंगा चुनाव साबित हुआ था, क्योंकि 2016 में अमरीका में हुए राष्ट्रपति चुनाव में कुल 6.5 बिलियन डालर रुपए खर्च हुए थे लेकिन 2020 के अमरीका के राष्ट्रपति चुनाव में ही अमरीका ने सबसे महंगे चुनाव के मुकाबले भारत को पछाड़ दिया, क्योंकि अमरीका में पिछले राष्ट्रपति चुनाव में 14 बिलियन डालर का खर्च हो गया। अब यदि भारत में 2024 का चुनाव का खर्च 1.16 लाख करोड़ को पार करता है, तब भारत का चुनाव दुनिया का सबसे महंगा चुनाव होगा। इस हिसाब से दुनिया के सबसे महंगे चुनाव के मामले में भारत-अमरीका में ही मुकाबला है। देश में 2019 के चुनाव में हुए कुल खर्च में चुनाव आयोग के खर्च के अलावा, राजनीतिक दलों, चुनाव में खड़े उम्मीदवारों के खर्च के अलावा अन्य प्रकार का खर्च भी शामिल है। इसमें से 24 हजार करोड़ रुपए (40 फीसदी) खर्च उम्मीदवारों ने खुद किया था जबकि राजनीतिक दलों ने 20 हजार करोड़ रुपए (35 प्रतिशत), सरकार और चुनाव आयोग ने करीब 10 हजार करोड़ रूपए (15 प्रतिशत) मीडिया सपांसर 3 हजार करोड़ रुपए (5 प्रतिशत) और अन्य प्रकार के औद्योगिक खर्चों पर 3 हजार करोड़ रुपए (5 प्रतिशत) खर्च हुआ था। बात दें कि इतना खर्च तब हुआ था जब चुनाव में उम्मीदवारों के खर्च की सीमा 70 लाख थी, यह खर्च की सीमा 2022 में बढ़ा कर 95 लाख रुपए की गई है और इसी में ही 35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस लिहाज से इस चुनाव में उम्मीदवारों का खर्च ही 35 प्रतिशत बढ़ेगा यानी उम्मीदवारों का 24 हजार करोड़ रुपए का खर्च ही 32 हजार करोड़ रुपए पहुंच सकता है। पिछले 26 साल में देश में लोकसभा के छह चुनाव हुए हैं और इस बीच चुनाव का खर्च 9000 करोड़ रुपए से बढ़ कर 60 हजार करोड़ रुपए हो गया है। 1998 के चुनाव में यह खर्च 9000 करोड़ रुपए था जबकि 2019 में यह खर्च 60 हजार करोड़ रुपए हुआ। 1998 में भाजपा ने चुनाव पर करीब 20 प्रतिशत खर्च किया था जबकि 2019 में भाजपा का खर्च बढ़ कर 45 प्रतिशत हो गया। इसी प्रकार 2009 में कांग्रेस ने कुल खर्च का 40 प्रतिशत खर्च किया था जबकि 2019 में यह कम हो कर 10-15 प्रतिशत हो गया।

## 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

नई दिल्ली( ईएमएस)। श्राइन बोर्ड ने रविवार को घोषणा की है कि 29 जून से अमरनाथ यात्रा शुरू होगी। यह यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी। बोर्ड ने कहा कि 52 दिनों तक चलने वाली यात्रा के लिए अग्रिम पंजीकरण 15 अप्रैल को खोला जाएगा।

## तमिलनाडु के पूर्वी तट पर 15 अप्रेल से मछली पकड़ने पर रोक

चेन्नई (ईएमएस)। तमिलनाडु के पूर्वी तट पर मछली पकड़ने पर 15 अप्रैल से वार्षिक 61 ?दिनों तक रोक रहेगी जो 14 जून तक जारी रहेगी। रविवार आधी रात से प्रतिबंध प्रभावी हो जाएगा। यह पाबंदी मछली पकड़ने के संसाधनों को संरक्षित करने के लिए लगाई गई है। इस दौरान बजरों सहित बड़ी मशीनीकृत नौकाओं को मछली पकड़ने की अनुमति नहीं होगी। राज्य सरकार ने प्र?तिबंध की अवधि के दौरान प्रति मछुआरा परिवार 6,000 रुपये की राशवि ?वित?रित की है। कासिमेडु के मछुआरों के नेता एंटनी फर्नांडीस का कहना है ?कि पिछले साल सरकार ने पाबंदी के दौरान प्रति परिवार 6,000 रुपये ?दिए थे, इस साल हम 8,000 रुपये की उम्मीद कर रहे थे। हालांकि स्थानीय मछुआरों द्वारा देशी नावों, केट्टुवल्लम और कट्टुमाराम का उपयोग कर मछली पकड़ने पर पाबंदी नहीं है।

## राजस्थान में बदला मौसम, आंधी बारिश से लोग हुए परेशान

- मौसम विभाग ने किया अलर्ट आज भी हो सकती है भारी बारिश

जयपुर,(ईएमएस)। लोकसभा चुनाव में जैसे नेता पार्टी बदल रहे हैं वैसे ही राजस्थान के मौसम ने भी अपने रुख में बदलाव किया और आंधी-तूफान और बारिश ने लोगों को अस्त-व्यस्त कर दिया है। जयपुर समेत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में आई आंधी और बारिश ने तापमान में गिरावट ला दी है। बीकानेर में शनिवार शाम को जोरदार बारिश से तापमान में 9.2 डिग्री की गिरावट आई। मौसम विभाग के मुताबिक यह बदलाव अभी जारी रहेगा। आज भी राजस्थान के 28 जिलों में आंधी तूफान का येलो अलर्ट जारी किया है।

राजधानी जयपुर में शनिवार को दोपहर बाद मौसम ने ली। शाम को आई तेज आंधी से चारों ओर धूल का गुबार फैल गया। इससे लोगों का सड़कों पर वाहन चालकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। राजधानी के कई इलाकों में भी हल्की बारिश हुई। इससे तापमान में खासी गिरावट आई। रात को मौसम सुहावना हो गया। वहीं बीकानेर में हुई तेज बारिश ने पूरे शहर तरबतर कर दिया। सड़कों पर पानी भर गया। लोगों को बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के बाद शहर का मौसम सुहाना हो गया और तापमान में गिरावट आई।

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को बीकानेर के तापमान में खासी गिरावट आई। वहां तापमान 30 से 33 डिग्री के बीच दर्ज किया गया। यह सामान्य से काफी कम रहा। वहीं जयपुर, अजमेर, कोटा और जोधपुर संभाग में भी तापमान सामान्य 36 से 39 डिग्री सेल्सियस रहा। उदयपुर संभाग में भी तापमान सामान्य से नीचे रहा। वहां तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शनिवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस कोटा में दर्ज किया गया है।

मौसम विभाग ने रविवार के लिए प्रदेश के 28 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है. इनमें जयपुर, अजमेर, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, दौसा, धौलपुर, कोटा, राजसमंद, झुंझुनूं, करौली और सवाईमाधोपुर शामिल हैं। इनके अलावा जोधपुर, नागौर, सीकर, सिरोही, टोंक, उदयपुर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जालोर, पाली और श्रीगंगानगर में भी आज तेज हवाओं और बारिश की भी संभावना है।

## महाराष्ट्र में गुंडों की दहशत से सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहा सवालिया निशान

- अपराध मुक्त महाराष्ट्र के लिए पुलिस को देनी होगी खुली छूट

मुंबई, (ईएमएस)। इन दिनों महाराष्ट्र में दिन दहाड़े अपराध आम बात हो चुकी है. मुंबई समेत समूचे महाराष्ट्र में अपराध का ग्राफ बेतहाशा बढ़ा है. इसकी मुख्य वजह यही सामने आ रही है कि पुलिस के क्रिमिनल रिकार्ड के गुर्गे या तो बीजेपी का दामन थाम लिए हैं या फिर शिंदे सेना (शिवसेना) में शामिल हुए हैं. रविवार अल प्रातः तो हद ही हो गयी जब पूरी तरह सुरक्षा से लेस अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर हुई गोलिबारी ने महाराष्ट्र सहित पूरे देश को झकझोर कर रख दिया. मुंबई में सलमान खान के निवास स्थान के बाहर 5 राउंड हुई फायरिंग ने महाराष्ट्र सरकार की सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह खड़ा कर दिया ? कि जब पुलिस सहित निजी सुरक्षा रक्षकों से लेस रहने वाले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग हो सकती है तो महाराष्ट्र के आम लोग कैसे सुरक्षित रहेंगे और उनकी सुरक्षा की गारंटी आखिर लेगा कौन ? पहले उत्तरप्रदेश को माफिया का प्रदेश माना जाता था लेकिन जब से यूपी की कमान बाबा आदित्य योगिनाथ ने संभाला तब से ही यूपी माफिया मुक्त हो चुका है. लेकिन महाराष्ट्र सरकार महाराष्ट्र को माफिया मुक्त क्यों नहीं कर पा रही है ऐसा सवाल खड़ा हो चुका है ? गौरतलब हो कि वर्ष 1997 में जब स्व.गोपीनाथ मुंडे राज्य के उपमुख्यमंत्री थे तब माफियाओं पर नकेल कसने के लिए उन्होंने पुलिस को पूरी तरह छूट दिया और इनकाउंटर से भयभीत हुए माफिया/गुंडा या तो पुलिस की गोलियों का शिकार बने या जेल में ही अपने आप को महफूज समझा था. यदि महाराष्ट्र में भी माफिया राज ख़त्म करना है तो महाराष्ट्र सरकार को पुलिस प्रशासन को छूट देनी होगी तब जाकर महाराष्ट्र अपराध मुक्त हो सकेगा. अन्यथा इसी तरह गोलियां बरसती रहेंगी और लोग भयभीत होते रहेंगे.

## हॉस्टल में लगी भीषण आग, कई झुलसे, 70 छात्र को बचाया

- एक छात्र खिड़की से कूदा, पैर टूटा, अस्पताल में भर्ती

कोटा,(ईएमएस)। राजस्थान के कोटा शहर में एक हॉस्टल में आग लग गई जिसमें कई छात्र हॉस्टल के अंदर ही फंस गए। जिससे कई छात्र घायल हो गए। छात्र अपनी जान बचाने के लिए एक छात्र हॉस्टल की खिड़की कूद गया जिससे उसका पैर फैक्चर हो गया। सूचना मिलते ही दमकलकर्मियों और पुलिस अधिकारियों की टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और सीढ़ी के जरिए दूसरे और तीसरे माले में मौजूद 70 छात्रों को बचाया।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह कुन्हारी इलाके के आदर्श हॉस्टल में एक ट्रांसफॉर्मर में विस्फोट होने से आग हॉस्टल लग गई। ग्राउंड फ्लोर पर लगी आग तेजी से ऊपर की ओर फैल गई जिससे हॉस्टल में मौजूद छात्रों में दहशत फैल गई। एक छात्र आग से बचने के लिए कमरे की खिड़की से कूद गया, जिससे उसका पैर टूट गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इस हादसे में सात छात्र मामूली रुप से झुलस गए और उन्हें अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। हॉस्टल में एक छात्र ने बताया कि आग लगने के समय सभी सो रहे थे। आग लगने का शोर सुना और बाहर भागे क्योंकि आग दूसरी मंजिल तक पहुंच गई थी। हॉस्टल में आग से बचने के कोई सुरक्षा के उपाय नहीं हैं। मौके पर पहुंची दमकल ने बिना आग पर काबू पा लिया, लेकिन छात्रों का सामान पूरी तरह जल गया। हॉस्टल संचालक पर असुरक्षित प्रतिष्ठानों के लिए लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

कोटा सिटी एसपी ने पत्रकारों से कहा कि सुबह के साढ़े छह बजे के लगभग लक्ष्मण विहार इलाके के एक हॉस्टल में आग लगने की सूचना मिली थी। पांच माला इस हॉस्टल में 75 कमरे हैं। हादसे के समय 70 छात्र हॉस्टल में सो रहे थे। जिन छात्रों को चोट लगी, उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। 8 छात्रों को अस्पताल भेजा गया था जिसमें से दो को भर्ती किया, बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एफएसएल की टीम मामले की जांच कर रही है। हॉस्टल संचालक के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज कर कानूनी कारवाई की जाएगी। छात्रों को हॉस्टल एसोसियेशन दूसरे हॉस्टल में शिफ्ट करवा रहा है। अब उनकी और अभिभावकों की काउंसलिंग की जाएगी।

# आईपीएल 2024: आरसीबी और सनराइजर्स का मुकाबला आज

बेंगलुरु (ईएमएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी। आरसीबी की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में बेहद खराब रहा है और वह केवल एक मैच ही जीत पायी है। इससे टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है। ऐसे में उसका लक्ष्य घरेलू मैदान पर इस मैच में जीत दर्ज कर अपनी लय हासिल करना रहेगा। टीम की विफलता का कारण बल्लेबाजी और गेंदबाजी में कमजोर प्रदर्शन रहा है। बल्लेबाजी के दौरान अब तक केवल विराट कोहली ही रन बना पाये हैं जबकि अन्य बल्लेबाज नाकाम रहे हैं। वहीं गेंदबाजी भी प्रभावहीन रही है। वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स का प्रदर्शन उसके मुकाबले कहीं अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। सनराइजर्स ने अब तक 5 में से 3 मैच जीते हैं। सनराइजर्स पिछले 2 मैच जीती है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसने इस सत्र में आईपीएल का सबसे बड़ स्कोर भी बनाया है। ऐस में बेंगलुरु की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर उसे रोकना आरसीबी के लिए बेहद कठिन रहेगा। इस मैदान पर गेंदबाजों को खासा संघर्ष करना पड़ता है। गेंद बल्ले पर आसानी से आती है वहीं मैदान भी काफी छोटा है, जिसके कारण जमकर चौके और छक्के लगते हैं। स्पिनर्स को हालांकि यहां कुछ सहायता मिलती है। जिसका लाभ दोनो ही टीमों के स्पिनर उठाना चाहेंगे। इस पिच पर पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 रन का टारगेट भी जीत के लिए पर्याप्त नहीं होता।

आईपीएल के इतिहास में इस मैदान पर अब तक कुल 91 मैच खेले गए हैं, जिसमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 38 जबकि दूसरी बार बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 49 में जीत दर्ज की है। ऐसे में आरसीबी को इस मैच में जीत दर्ज करनी है तो विराट के अलावा उसके कप्तान फाफ डु प्लेसी और अन्य बल्लेबाजोंको भी रन बनाने होंगे। वहीं सनराइजर्स के पास ट्रेविस हेड, हेनरिक क्लासेन जैसे बल्लेबाज हैं जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को धवस्त कर सकते हैं।

दोनों टीमें इस प्रकार है-

सनराइजर्स हैदराबादः जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरुः फाफ डु प्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशक, आकाश दीप। मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरून ग्रीन, अल्ज़ारी जोसेफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

## ईरान और इजराइल में जंग छिड़ी तो कच्चा तेल जा सकता है 100 डॉलर के पार!

मुंबई (ईएमएस)। ईरान ने इजराइल पर ड्रोन हमले किए हैं, वहीं दूसरी ओर इजराइल और अमेरिका के बीच जवाबी कार्रवाई के लिए बातचीत जारी है। जानकारों का कहना है ?कि ईरान और इजराइल में जंग की वजह से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। ईरान ओपेक का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक है। अगर इजराइल भी ईरान पर हमले करता है, साथ ही अमेरिकी सरकार ईरान पर प्रतिबंध लगाता है तो कच्चे तेल के दाम भी तेजी से उछाल आएगा। जानकारों की मानें तो पहले ही कच्चे तेल की सप्लाई और उत्पादन दोनों की समस्या थी। अब मिडिल ईस्ट की टेंशन में ईरान का उतरना और भी ज्यादा क्राइसिस पैदा करेगा। अब दुनिया के उन तमाम देशों को महंगे कच्चे तेल के लिए तैयार रहना होगा जो अपनी जरुरत का 80 फीसदी से ज्यादा आयात पर ?निर्भर करते हैं। कच्चा तेल महंगा होने से ऐसे देशों में महंगाई में बढ़ोतरी भी देखने को मिलेगी। ईरान ने इजराइल पर हमले करने शुरू कर दिए हैं। इजराइल भी जवाबी कार्रवाई कर रहा है। साथ ही अमेरिकी सरकार के साथ बड़ी कार्रवाई करने के लिए बातचीत कर रहा है। ऐसे में अमेरिका ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने जैसी कार्रवाई कर सकता है।

## एफपीआई ने अप्रैल में अब तक बाजारों में 13,300 करोड़ निवेश किया

नई दिल्ली (ईएमएस)। बाजार के जानकारों ने कहा ?कि घरेलू अर्थव्यवस्था की मजबूत स्थिति तथा आर्थिक वृद्धि की बेहतर संभावनाओं के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल के पहले दो सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में 13,300 करोड़ रुपये से अधिक का ?निवेश ?किया है। बाजार ?विशेषज्ञों ने कहा ?कि आगे चलकर भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलावों पर चिंता एफपीआई प्रवाह पर असर डालेगी। यह स्थिति नई संधि के विवरण पर स्पष्टता आने तक बनी रह सकती है। उन्होंने कहा कि एक और बड़ी चिंता पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव है। ईरान-इजराइल के बीच तनाव बढ़ रहा है जिसका असर निकट अवधि में एफपीआई के निवेश पर देखने को मिल सकता है। उन्होंने कहा कि घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) के पास काफी नकदी है। इसके अलावा खुदरा निवेशक तथा उच्च संपदा वाले व्यक्ति यानी एचएनआई भारतीय बाजार को लेकर आशान्वित हैं। ऐसे में एफपीआई की बिकवाली की भरपाई यहां से हो जाएगी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक एफपीआई ने इस महीने 12 अप्रैल तक भारतीय शेयरों में 13,347 करोड़ रुपये का निवेश किया है। हालांकि भारत-मॉरीशस कर संधि में बदलाव की आशंका के चलते शुक्रवार को एफपीआई ने 8,027 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। बाजार ?विशेषज्ञों ने कहा कि वृद्धि संबंधी चिंताओं के कारण फिच द्वारा चीन की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग परिदृश्य को स्थिर से घटाकर नकारात्मक करने की वजह से भारतीय बाजारों को भारी निवेश मिला है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मानसून सामान्य रहने की उम्मीद तथा मजबूत घरेलू अर्थव्यवस्था के बीच वृद्धि तेज रहने की उम्मीद से भी एफपीआई का भारतीय बाजारों को लेकर आकर्षण बढ़ा है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने शेयरों के अलावा ऋण या बॉन्ड बाजार में 1,522 करोड़ रुपये का निवेश किया है। जेपी मॉर्गन इंडेक्स में भारत सरकार के बॉन्ड को शामिल किए जाने की घोषणा के बाद से एफपीआई भारतीय बॉन्ड बाजार में पैसा लगा रहे हैं। उन्होंने मार्च में बॉन्ड बाजार में 13,602 करोड़ रुपये, फरवरी में 22,419 करोड़ रुपये और जनवरी में 19,836 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कुल मिलाकर, इस साल एफपीआई अब तक शेयरों में कुल 24,241 करोड़ रुपये का निवेश कर चुके हैं। ऋण या बॉन्ड बाजार में उनका निवेश 57,380 करोड़ रुपये रहा है।

## 15मिनट में शून्य से 100 फीसदी चार्ज करता रैपिड चार्जिंग

नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की मांग बढ़ती जा रही है। ईवी सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक पैसेंजर इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर लॉन्च किया गया, जो 15 मिनट में पूरी तरह चार्ज होता है। ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने तेजी से चार्ज होने वाले इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर के लिए एक्सपोनेंट एनर्जी के साथ पार्टनरशिप की है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि 3,24,999 रुपये की कीमत पर 'ओएसएम स्ट्रीम सिटी क्विक'ईवी 6 शहरों में मौजूद एक्सपोनेंट के रैपिड चार्जिंग नेटवर्क पर 15 मिनट में शून्य से 100 फीसदी तक चार्ज करता है।

ओमेगा सेकी मोबिलिटी के फाउंडर चेयरमैन ने कहा कि सड़क पर डाउनटाइम को कम करके और दक्षता को अधिकतम करके क्विक यह सुनिश्चित करता है कि हर यात्रा वाहन पर 2 लाख किलोमीटर या 5 साल, जो भी पहले हो, की वारंटी है. एक्सपोनेंट एनर्जी ने एक बयान में कहा कि वह इस साल दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में 100 चार्जिंग स्टेशन शुरू करेगी, जबकि चेन्नई, अहमदाबाद, कोलकाता और हैदराबाद में अपने नेटवर्क का विस्तार भी करेगी।

एक्सपोनेंट एनर्जी के को-फाउंडर और सीईओ ने कहा कि ईवी या आईसीई व्हीकल की तुलना में यूजर द्वारा अपने एक्सपोनेंट-संचालित ईवी से प्राप्त होने वाले उच्चतम संभावित लाभ को अनलॉक करता है। पैसेंजर ईवी में 8.8 किलोवाट का बैटरी पैक है और यह एक बार चार्ज करने पर 126 किलोमीटर तक चलता है। देश में यात्री तिपहिया वाहनों की बिक्री जनवरी में 53,537 इकाई को पार कर गई थी।

## दो मुस्लिम देशों ने इजराइल पर हुए हमले को रोकने में की मदद
# ईरान की ओर से दागे ड्रोन और मिसाइलों को रास्ते में ही मार गिराया

तेल अवीव,(ईएमएस)। ईरान ने शनिवार-रविवार रात इजराइल पर हमला बोल दिया। ईरान ने सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों इजरायल पर दागे, जिनमें से अधिकांश को इजरायल ने हवा में मार गिराने का दावा किया है। कुछ इजरायली इलाके में गिरे हैं, जिनमें से एक इजरायली सेना के दक्षिणी बेस पर भी गिरा है। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि ईरानी हमले को रोकने के लिए दो मुस्लिम देशों ने खुलकर इजरायल का साथ दिया है और ईरानी ड्रोन और मिसाइलों को रास्ते में गिरा दिया।

एक इजरायली अखबार ने सूत्र के हवाले से बताया है कि जॉर्डन के जेट विमानों ने इजरायल की ओर आने वाले दर्जनों ड्रोन को मार गिराया। जॉर्डन का इजरायल को मदद भेजना एक बड़ा कदम है, क्योंकि अम्मान ने इसके पहले गाजा में अभियान के लिए इजरायल की भारी आलोचना की है। सूत्रों का कहना है कि ईरानी ड्रोन जॉर्डन घाटी की ओर हवा में उतारे और यरूशलम की ओर जा रहे थे उन्हें इराकी-सीरियाई सीमा के करीब रोक लिया गया। वहीं सऊदी अरब के विदेश मंत्रालय ने चिंता व्यक्त की है और युद्ध के खतरों को रोकने के लिए सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है। सऊदी अरब की आधिकारिक एजेंसी ने एक बयान में कहा कि अगर संघर्ष बढ़ा तो उसके गंभीर परिणाम होंगे।

इजरायली सेना के बताया है कि ईरानी ड्रोन को इजरायली हवाई क्षेत्र में पहुंचने से पहले ही मार गिराया। बयान में यह भी कहा गया है कि ड्रोन को अमेरिका और ब्रिटेन ने मार गिराया है। अमेरिकी सेना ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उसने भी ईरानी ड्रोन को मार गिराया है। इजरायल पर हमला केवल ईरान की तरफ से नहीं बल्कि लेबनान में ईरान के प्रॉक्सी हिजबुल्लाह ने भी इजराइल पर रॉकेट दागे हैं, जबकि यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने भी इजरायल की ओर ड्रोन भेजे हैं।

ईरान की आईआरजीसी ने जॉर्डन को धमकी दी है कि अगर वह इजरायल की मदद करेगा तो उसका अगला निशाना जॉर्डन होगा। ईरान के सैन्य सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि ईरान की सेना जायोनी शासन के खिलाफ हमले के दौरान जॉर्डन की गतिविधियों की सावधानीपूर्वक निगरानी कर रही है और अगर जॉर्डन इजराइल की मदद करता है तो ईरान का अगला निशाना होगा।

# ईरान के इजराइली पर हमले की भारत ने की निंदा, शांति और सुरक्षा के लिए बताया खतरा

तेल अवीव,(ईएमएस)। ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल पर हमला कर एक नए युद्ध की शुरुआत कर दी है। दोनों देश दशकों से एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। अगर यह युद्ध बढ़ता है तो खाड़ी क्षेत्र और भारत के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं। वहीं भारत ने हमले पर चिंता की है। इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुए इस संघर्ष से हजारों भारतीयों पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

भारत ने रविवार को कहा कि वह इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष को लेकर चिंतित है। इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है। मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि हम तनाव को तत्काल कम किये जाने, संयम बरतने, हिंसा से परहेज करने और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आग्रह करते हैं। भारत हालात पर नजर रखे हुए है। मंत्रालय ने कहा कि क्षेत्र में हमारे दूतावास भारतीय समुदाय के साथ संपर्क में हैं। यह जरूरी है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे।

इजरायल में भारतीय दूतावास ने एडवायजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि हाल की घटनाओं को देखते हुए इजरायल में रहने वाले सभी भारतीय नागरिकों को शांत रहने और इजरायली अधिकारियों की ओर से जारी प्रोटोकॉल का पालन करें। दूतावास सभी नागरिकों के संपर्क में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल में 18 हजार भारतीय हैं। वहीं ईरान में 4 हजार भारतीय रहते हैं। ऐसे में इस संघर्ष के बीच 22 हजार भारतीय फंसे हुए हैं।

इस हमले के कारण दुनिया तीसरे विश्व युद्ध ना शुरु हो जाए इसको लेकर चिंतित है। रूस-यूक्रेन का युद्ध पहले से ही चल रहा है। इसके बाद इजरायल और हमास का संघर्ष शुरू हो गया। ऐसे में अगर एक और युद्ध शुरू होता है, तो दुनिया पर इसका बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा। हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि आज की रात इजरायल को जीत मानना चाहिए। क्योंकि वर्तमान अमेरिकी आकलन यह है कि ईरान का हमला काफी हद तक असफल रहा और इजरायल के डिफेंस सिस्टम कारगर साबित हुए।

बता दें एक अप्रैल को सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था, जिसमें कई ईरानी मिलिट्री कमांडर मारे गए थे। ईरान ने कहा था कि यह हमला इजरायल ने किया था। वहीं इजरायल इस हमले से इनकार करता रहा है। ईरान हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों को समर्थन देता है, जो इजरायल पर हमला करते हैं।

## 17 लोकसभा चुनावों की अपेक्षा ठंडा दिख रहा मिशन 2024 का घमासान
# आरोपों की बौछार के बीच चुनावी रंगत गायब ,फीका पड़ा चुनावी प्रचार...मतदाता नहीं दे रहे भाव

नई दिल्ली(ईएमएस)। सूरज की तपिश बढ़ने के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देश में सियासी माहौल गर्म हो रहा है। लेकिन पिछले 17 लोकसभा चुनावों की अपेक्षा इस बार चुनावी माहौल बिलकुल ठंडा पड़ा है। न सत्तारूढ़ भाजपा और न ही इंडिया गठबंधन चुनावी माहौल बना पाए हैं। जहां चुनावी सभाएं हो रही हैं वहां आरोपों की बौछार की जा रही है, लेकिन चुनावी रंगत गायब है। राजनीतिक पार्टियों द्वारा भाड़े की भीड़ जुटा कर चुनावी सभाएं की जा रही है। लेकिन मैदान में चुनावी माहौल पूरी तरह फीका पड़ा हुआ है। जबकि इस बार के चुनाव में 96.8 करोड़ मतदाता वोट डालेंगे।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। पहले फेज में 102 सीटों पर वोटिंग होगी। ये निर्वाचन क्षेत्र 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के अंतर्गत आते हैं। इनमें से अधिकांश सीटें तमिलनाडु (39) में हैं। जबकि राजस्थान की 12 सीटें पर, उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर, मध्य प्रदेश की 6, असम की 5, उत्तराखंड की 5 और महाराष्ट्र की 5 सीटों पर पहले चरण में वोटिंग होगी। लेकिन विडंबना यह है कि बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, गुजरात, हरियाणा जैसे राज्यों में चुनाव प्रचार ने अभी जोर नहीं पकड़ा है। इसके विपरीत तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल में प्रचार सबसे अधिक जोरों पर है। यह जानकारी चुनाव आयोग द्वारा राज्यों की ओर से जनसभा, रोड शो, रैलियों के अलावा हेलीकॉप्टर और वाहनों के इस्तेमाल के लिए मांगी गई अनुमति के आंकड़ों के विश्लेषण से मिलती है।

18वीं लोकसभा के लिए हो रहा चुनाव इस बार इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच है। यानी राजनीतिक पार्टियां दो खेमों में बंटी हुई है। इसके बावजुद चुनावी रंगत फीकी पड़ी हुई है। एनडीए के उम्मीदवार केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए चुनावी फिजा में केवल मोदी की ही गूंज है। सत्ता पक्ष मोदी के चेहरे को भुनाने में जुटा हुआ है तो विपक्ष मोदी को घेरने में। इस कारण उम्मीदवार का चेहरा पूरी तरह गायब है। इसका असर यह देखने को मिल रहा है कि लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी माहौल नहीं बन पा रहा है। वर्तमान स्थिति को देखकर विशेषज्ञों का कहना है कि 1977 के बाद इतना फीका लोकसभा चुनाव कभी देखने को नहीं मिला। मतलब उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू की कोई 185-189 लोकसभा सीटों में वह माहौल है, जहां कार्यकर्ताओं, पार्टियों, नेताओं और मतदाताओं सभी ने यह माना हुआ है कि जीतना तो भाजपा को है। इसलिए न खर्च की जरुरत और न वोट मांगने की जरुरत।

मतदाताओं के मौन और ठंडा चुनावी माहौल देखकर कुछ लोग बड़ी उलटफेर की आशंका जता रहे हैं। जाहिर है जिन राज्यों में मोदी हवा है वहां विपक्ष का दो-तीन सीटें जीतना बड़ी उलटफेर होगी। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छतीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू में विपक्ष को 20-25 सीटें भी मिलें तो हैरानी होगी। और यह तथ्य नोट रखें कि इन राज्यों में 2019 के मुकाबले में एक-दो-पांच सीटों का नुकसान ही भाजपा की पिछली 303 सीटों में कमी का आधार होगा। इन्हीं इलाकों से भाजपा के 273 पार सीटों का आंकड़ा बेजान चुनाव से घटना या बढ़ना है। सवाल है माहौल जब फीका है तो मतदान प्रतिशत कम होगा या अधिक? उत्तर प्रदेश में भाजपा उम्मीदवारों को जिताने के लिए अपने आप अधिकाधिक मतदान होगा या भाजपा विरोधी वोट हुए विपक्ष को ज्यादा शिद्दत से वोट डालेंगे?

महाराष्ट्र में सीटों के बंटवारे (ठाकरे पार्टी को 21, कांग्रेस 17, शरद पवार पार्टी 10 सीट) ने महाराष्ट्र की जनता की निगाह में उद्धव ठाकरे बनाम नरेंद्र मोदी की सीधी प्रतिद्वंद्विता बना दी है। इसका अर्थ है लोगों में, समर्थकों में एकनाथ शिंदे और अजित पवार की वोट दुकान खत्म। इनकी वही दशा होनी है जो बिहार में भाजपा के पार्टनर नीतीश, मांझी, पासवान आदि की होनी है। उद्धव ठाकरे खूब सभाएं कर रहे हैं। वही भाजपा ने अपने ही हाथों एकनाथ शिंदे और अजित पवार का बोरिया बिस्तर बंधवा दिया है। इसलिए 48 सीटों वाले महाराष्ट्र में मोदी बनाम उद्धव ठाकरे में पचास-पचास फीसदी जीत-हार हो तो वह भाजपा-एनडीए को झटका होगा। उद्धव ठाकरे की धुरी पर मोदी विरोधी वोटों का रिकॉर्ड मतदान होगा तो ऐसे ही कर्नाटक में सिद्धरमैया-शिवकुमार (कांग्रेस), तमिलनाडु में स्टालिन, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी, दिल्ली में केजरीवाल, झारखंड में हेमंत सोरेन, ओडिशा में नवीन पटनायक, बिहार में तेजस्वी, तेलंगाना में रेवंत रेड्डी (कांग्रेस) के रहते भाजपा की सीटें जीतने का सुनामी मंसूबा पूरा नहीं होना है। मतलब उन सभी राज्यों में नरेंद्र मोदी की कथित सुनामी याकि अबकी बार 400 पार सीटों का आंकड़ा बुरी तरह फेल होना है, जहां अभी तक मोदी ने सर्वाधिक रैलियां की हैं। तमिलनाडु में नरेंद्र मोदी ने अपने नए मनोहर लाल खट्टर याकि अन्नामलाई की कितनी ही हवा (तमिलनाडु के भावी सीएम, मोदी बाद के भावी पीएम) बनाई हो उससे वोट प्रतिशत जरूर बढ़ जाएं लेकिन एक-दो सीट भी आ जाए तो उससे कर्नाटक में हुए नुकसान की भरपाई कतई नहीं होनी है। कर्नाटक में अब फिफ्टी-फिफ्टी सीटों के अनुमान लगते हुए हैं। मुमकिन है कर्नाटक-तेलंगाना भाजपा के लिए सदमे वाले राज्य हों तो आंध्र में चंद्रबाबू नायडू की हवा बनी भी तो वे नरेंद्र मोदी के लिए नवीन पटनायक जैसे भरोसेमंद कतई नहीं होने हैं। कहते हैं ओडिशा में नवीन पटनायक ने धर्मेंद्र प्रधान के लिए भी मुकाबला कड़ा बनवा दिया है।

# मार्कोस को उम्मीद, फिलीपींस, अमेरिका और जापान का मिलाना दक्षिण चीन सागर में बदलाव लगाया

टोकियो (ईएमएस)। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि फिलीपींस, अमेरिका और जापान का एक सहयोग समझौता दक्षिण चीन सागर और क्षेत्र में गतिशीलता को बदल देगा, जबकि उन्होंने चीन को आश्वस्त करने की कोशिश की कि यह कोई लक्ष्य नहीं है। मार्कोस ने राष्ट्रों के पहले त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति जो बाइडेन और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा से मुलाकात के बाद कहा कि मुझे लगता है कि त्रिपक्षीय समझौता बेहद महत्वपूर्ण है।

मार्कोस ने कहा कि यह उस गतिशीलता को बदलने जा रहा है, जिसे हम इस क्षेत्र में एशिया में आसियान में दक्षिण चीन सागर के आसपास देखते हैं। तीनों नेताओं ने दक्षिण चीन सागर में चीन के खतरनाक और आक्रामक रुख पर गंभीर चिंता जाहिर की, जो चीन और अन्य देशों के बीच विभिन्न समुद्री विवादों के माध्यम से वार्षिक जहाज-जनित वाणिज्य के 3 ट्रिलियन डॉलर से अधिक का माध्यम है। फिर भी, मार्कोस ने कहा कि शिखर सम्मेलन किसी भी देश के खिलाफ नहीं था, लेकिन मनीला, वाशिंगटन और टोक्यो के बीच आर्थिक और सुरक्षा संबंधों को गहरा करने पर ध्यान केंद्रित किया गया था।

स्थायी मध्यस्थता न्यायालय के 2016 के फैसले के बावजूद चीन लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, जिसमें पाया गया कि बीजिंग के व्यापक दावों का कोई कानूनी आधार नहीं है। फिलीपीन और चीनी जहाजों के बीच पिछले महीने में कई बार टकराव हुआ है, जिसमें वॉटर कैनन का इस्तेमाल और तीखी नोकझोंक भी शामिल है।

## बैसाखी पर 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री पाकिस्तान पहुंचे

लाहौर,(ईएमएस)। वार्षिक बैसाखी उत्सव में भाग लेने के लिए तकरीबन 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री वाघा सीमा के रास्ते होते हुए शनिवार को लाहौर पहुंचे हैं। आधिकारिक सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय सिख तीर्थयात्री यहां बैसाखी उत्सव में हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के पहले सिख मंत्री एवं पाकिस्तानी गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के अध्यक्ष सरदार रामश सिंह ओरारा ने इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव राणा शाहिद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वाघा सीमा पर भारतीय सिख तीर्थयात्रियों का स्वागत किया है। ईटीपीबी के प्रवक्ता अमीर हाशमी ने इसकी जानकारी देते हुए कहा, कि गुरुद्वारा पंजा साहिब, हसनअबदाल में बैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए तकरीबन 2,400 भारतीय सिख तीर्थयात्री यहां पहुंचे हैं। हाशमी ने कहा कि उत्सव का मुख्य कार्यक्रम रविवार को हो रहा है, जिसमें 11,000 से अधिक स्थानीय और विदेशी सिख तीर्थयात्री पंजा साहिब में जुटने के लिए पहुंचे हैं।

## सीडनी में चाकू से 6की हत्या करने वाले की हुई पहचान

सिडनी,(ईएमएस)। सिडनी के एक भीड़भाड़ वाले शॉपिंग सेंटर में चाकू से हमला कर 6 लोगों की हत्या करने वाले हमलावर की पहचान पुलिस ने कर ली है। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) पुलिस ने यह दावा करते हुए रविवार को बताया कि शहर के बॉण्डी जंक्शन में वेस्टफील्ड शॉपिंग सेंटर में शनिवार दोपहर को किए गए हमले के लिए जोएल कॉची (उम्र 40) जिम्मेदार है। एक पुलिस अधिकारी ने इस घटना के बाद उसे गोली मारकर ढेर कर दिया था। एनएसडब्ल्यू के सहायक पुलिस आयुक्त एंथनी कुक ने पत्रकारों को बताया कि घटना को अंजाम देने वाला कॉची मानसिक रूप से बीमार था और पुलिस जांचकर्ता इसकी आतंकवादी घटना के तौर पर जांच नहीं कर रहे हैं।

# इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से फिर से गोल्ड के दाम में तेजी आने की संभावना

9 दिन में 3765 महंगा हुआ सोना

नई दिल्ली (ईएमएस)। पिछले कुछ समय से गोल्ड के रेट में तगड़ी उछाल आई है। ग्लोबल स्तर से लेकर भारत में गोल्ड के रेट अपने ऑट टाइम हाई लेवल पर पहुंच गए हैं। साथ ही सिल्वर के दाम में भी रिकॉर्ड बढ़ोतरी देखी गई है। अब ईरान-इजरायल के बीच वार से सोने के दाम में इजाफा होने का अंदेशा लगाया जा रहा है। एक्सपट्र्स का मानना है कि गोल्ड और सिल्वर के रेट इससे और बढ़ सकते हैं।

मार्च में 10 प्रतिशत की तेजी के बाद अप्रैल में भी सोने में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। सोने के दाम में बढ़ोतरी को हवा फेड रिजर्व की ओर से जारी महंगाई आंकड़े के बाद और मिली है। वहीं अब इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ने से फिर से गोल्ड के दाम में तेजी आने की संभावना है।

रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा गोल्ड

12 अप्रैल को कॉमेक्स गोल्ड जून वायदा के लिए 2,308.8 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस था, जबकि रूष्टङ्ग पर कीमतें 73958 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गईं, जो इसका रिकॉर्ड हाई लेवल है। वहीं सिल्वर प्राइस मई वायदा के लिए एमसीएक्स पर 86126 रुपये प्रति 1 किलो था। सिल्वर में फरवरी के दौरान करीब 10 फीसदी और अप्रैल में 5 प्रतिशत की उछाल आ चुकी है।

गोल्ड रेट की बात करें तो दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 74 हजार रुपये से ऊपर पहुंच गई है। गोल्ड रेट अप्रैल में यानी करीब 9 दिनों के दौरान 70605 रुपये प्रति 10 ग्राम से 3765 रुपये बढ़कर 74,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। इसी तरह सिल्वर रेट भी तेजी से बढ़े हैं। 1 अप्रैल को सिल्वर सर्राफा बाजार में 78 हजार रुपये प्रति किलो थे, लेकिन अब 85 हजार 500 रुपये प्रति किलो पहुंच चुका है। दरअसल गोल्ड-सिल्वर एक सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में युद्ध के बीच या महंगाई बढ़ने के बीच लोग ज्यादा जोखिम नहीं उठाते हुए सोना और चांदी जैसे धातुओं में निवेश करना पसंद करते हैं। अब ईरान-इजरायल के बीच युद्ध से गोल्ड की डिमांड तेजी से बढ़ने वाली है, जिस कारण इसके रेट में भी इजाफा होगा। भारत में ज्वेलरी की मांग भी बढ़ने वाली है, क्योंकि शादियों का सीजन भी शुरू होने जा रहा है। ऐसे में गोल्ड और सिल्वर की खूब खरीदारी संभव है। साल 2022 में 1,081.9 टन और 2023 में 1,037.4 टन की रिकॉर्ड खरीद हुई थी, जिस कारण 2024 में भी रिकॉर्ड खरीदारी होने की उम्मीद है। इसलिए सोने के दाम में और इजाफा हो सकता है।

## ओलंपिक क्वालीफायर के लिए पंघाल पुरुष मुक्केबाजी टीम में शामिल

नई दिल्ली (ईएमएस)। मुम्केबाज अमित पंघाल को बैंकाक में अगले माह 25 मई से दो जून तक होने वाले आंखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये भारतीय मुक्केबाजी टीम में शामिल किया गया है। अब पंघाल के पास दूसरे ओलंपिक में जगह बनाने का ये अंतिम अवसर है। पंघाल के अलावा राष्ट्रीय चैम्पियन सचिन सिवाच 57 किलो को भी टीम में शामिल किया गया है। वहीं अबिनाश जामवाल 63.5 किलो वर्ग में शिव थापा की जगह खेलेंगे जबकि अभिमन्यु लाउरा को 80 किलो में लक्ष्य की जगह शामिल किया गया है।

# भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा
## घरेलू शेयर बाजार की नजरें कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी

मुंबई (ईएमएस)। बाजार विश्लेषकों का कहना है ?कि इस सप्ताह भू-राजनीतिक घटनाक्रम, वृहद आर्थिक आंकड़े और कंपनियों के तिमाही नतीजे शेयर बाजारों की दिशा तय करेंगे। यह सप्ताह कम कारोबारी सत्रों का होगा। बुधवार को रामनवमी पर्व पर बाजार में अवकाश रहेगा। बाजार ?विश्लेषकों ने कहा ?कि यह सप्ताह बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा। इसकी वजह यह है कि ईरान और इजराइल के बीच संघर्ष की आशंका पैदा हो रही है। दोनों के बीच तनाव बढ़ने से वैश्विक शेयर बाजारों में घबराहटपूर्ण बिकवाली देखने को मिल सकती है। इसके अलावा बाजार की नजरें कच्चे तेल की कीमतों पर भी रहेगी, जो भू-राजनीतिक घटनाक्रमों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह इन्फोसिस, बजाज ऑटो और विप्रो की तिमाही नतीजे आने हैं जिन पर निवेशकों की नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि वृहद आर्थिक मोर्चे पर चीन के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के आंकड़े, अमेरिका के खुदरा बिक्री के आंकड़े और अमेरिका में बॉन्ड पर प्रतिफल के अलावा डॉलर सूचकांक की दिशा बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। सोमवार को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर पर सभी की नजर रहेगी। कंपनी ने शुक्रवार को अपनी जनवरी-मार्च तिमाही के नतीजे पेश किए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी का मुनाफा बीते वित्त वर्ष की चौथी जनवरी-मार्च तिमाही में नौ प्रतिशत बढ़कर 12,434 करोड़ रुपये रहा है।

हालांकि, विदेशी बाजारों में कंपनी को काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। पूरे वित्त वर्ष में टाटा समूह की कंपनी का मुनाफा नौ प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 45,908 करोड़ रुपये रहा है। वहीं कंपनी की आमदनी 2,25,458 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,40,893 करोड़ रुपये हो गई है। बाजार का परिदृश्य प्रमुख वैश्विक और घरेलू आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगा। इस दौरान भारत का थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा आना है। साथ ही चीन का जीडीपी, अमेरिका का विनिर्माण उत्पादन के साथ बेरोजगारी दावों का आंकड़ा आना है। हाल ही में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में घटकर पांच माह के निचले स्तर 4.85 प्रतिशत पर आ गई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से खुदरा मुद्रास्फीति कम हुई है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों से पता चलता है कि खनन क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन के कारण फरवरी, 2024 में भारत की औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि चार महीने के उच्चतम स्तर 5.7 प्रतिशत पर पहुंच गई है। निवेशकों की नजर कंपनियों के चौथी तिमाही के नतीजों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर लगी है। इनसे बाजार को दिशा मिलेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था हालांकि मजबूत बनी हुई है लेकिन वैश्विक मोर्चे पर नकारात्मक खबरें यदा-कदा भारतीय शेयर बाजारों की रफ्तार को रोकती रहती हैं।

## ईरान बना सकता है परमाणु बम, मौजूद है यूरेनियम

तेहरान,(ईएमएस)। ईरान द्वारा इजरायल पर किए गए सीधे सैन्य हमले के बाद कहा जा रहा है कि ईरान के पास इतना यूरेनियम है कि वह महज छह माह के अंदर में 12 परमाणु बम बना सकता है। शनिवार देर रात ईरान ने 300 से अधिक ड्रोन से हमले करने के साथ ही मिसाइलें इजरायल पर दागीं थीं। इसमें 100 से अधिक बैलिस्टिक और 30 क्रूज मिसाइलों के साथ खतरनाक किलर ड्रोन भी शामिल थे।

यह अलग बात है कि ईरान की धमकी को देखते हुए इजरायल पहले से ही हमले को नाकाम करने की पूरी तैयारी कर रखा था। ऐसे में ईरान के अधिकांश मिसाइलों और ड्रोन को इजरायल की सीमा से बाहर ही मार गिराया गया। खास बात यह रही कि हमले को रोकने इजरायल की मदद के लिए अमेरिका, ब्रिटेन के साथ ही जॉर्डन ने भी मदद की है। इजराइल का जवाब देने के लिए ईरान के हमले ने इस इलाके में एक बड़े युद्ध की आशंका को जन्म दे दिया है, जिसके चलते दुनिया में तीसरे विश्वयुद्ध का खतरा मंडराने लगा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह खतरा इसलिए भी बड़ा हो जाता है क्योंकि ईरान के पास परमाणु बम बनाने के लिए सामान तैयार रखा है।

दरअसल मौजूदा साल के शुरु में ही संयुक्त राष्ट्र के हथियार पर्यवेक्षकों ने चेतावनी दी थी कि ईरान के पास 12 परमाणु बम बनाने जैया पर्याप्त यूरेनियम मौजूद है। एक रिपोर्ट में अमेरिकी भौतिक विज्ञानी और हथियार विशेषज्ञ डेविड अलब्राइट के हवाले से बताया गया है कि ईरान ने यूरेनियम का 90 प्रतिशत से अधिक संवर्धन किया हुआ है। अब ऐसे में यह एक सच्चाई है कि ईरान के वैज्ञानिकों के पास पृथ्वी पर प्रलय लाने वाले हथियार बनाने की जानकारी और सामान है। ऐसे में अमेरिकी मीडिया दावा करता है कि ईरान परमाणु बम बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। मीडिया का दावा है कि ईरान को परमाणु बम बनाने में महज 6 माह का ही समय लगेगा। इस बात को लेकर भी चिंता जाहिर की जा रही है।

## इजराइल पर ईरान का हमला,बचाव में उतरे अमेरिका-ब्रिटेन
# ईरान ने इजरायल पर 150 क्रूज मिसाइल और 200 ड्रोन दागे

तेल अवीव (ईएमएस)। सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर एक हमले में ईरानी सैन्य कमांडरों की मौत के बाद ईरान लगातार धमकी दे रहा था कि वह इजराइल पर हमला कर बदला लेगा। ईरान की धमकी से अमेरिका भी चिंतित था। जिसका डर था वही हुआ। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने इजरायल पर दर्जनों मिसाइल और ड्रोन से हमला कर दिया है। इस हमले से पूरी दुनिया अलर्ट पर है। ईरान ने इस हमले को ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस नाम दिया है।

जानकारी के मुताबिक ईरान ने शनिवार-रविवार की रात में इजरायल पर 150 क्रूज मिसाइल और 200 ड्रोन दागे। इजरायल के जवाबी हमले को लेकर ईरान ने दूसरे देशों को भी धमकी दी है कि अगर कोई भी देश इजरायल को हमले के लिए अपना एयरस्पेस देता है, तो ईरान उस पर भी हमला करेगा। ड्रोन की स्पीड कम होती है, जिस कारण उन्हें इजरायल तक पहुंचने में समय लग रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी सेना इजरायल को बचाव करते हुए ईरानी ड्रोन को मार गिरा रही है। इजरायल ने अपना आयरन ड्रोन डिफेंस सिस्टम भी एक्टिव कर दिया है जो ईरान के हमलों को नाकाम कर रहा है।

ईरान की धमकी को देखते हुए अमेरिका, इजरायल ने पहले ही हमले का अनुमान लगा लिया था। अमेरिकी सेना अलर्ट पर थी। उसने अपने दो युद्धपोत इजरायल की सुरक्षा में तैनात कर दिए थे। ईरानी हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने सुरक्षा अधिकारियों के साथ बैठक की। और उन्होंने नेतन्याहू से भी फोन पर बात की और इजरायल को पूरी सुरक्षा देने की बात कही है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव, यूके, जर्मनी और फ्रांस ने इस हमले की निंदा की है। मिस्त्र, सऊदी, स्पेन, पुर्तगाल ने ईरानी हमले पर गहरी चिंता जताते हुए संयम बरतने को कहा है। लेबनान के हिज्बुल्लाह ग्रुप ने बयान जारी कर दावा किया कि उसके आतंकियों ने गोलान हाइट्स के कैला बैरक क्षेत्र में इजरायली रक्षा बलों और वायु रक्षा मुख्यालय को निशाना बनाकर दर्जनों रॉकेट दागे हैं। ईरानी हमले के बाद से पूरे इजरायल में सायरन की आवाज सुनी दे रही है। हमले में अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं हैं।

ईरान का कहना है कि हमला इजरायल के अपराधों की सजा है। दरअसल सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर एक हमले में ईरानी सैन्य कमांडरों की मौत हो गई थी। हमले का आरोप इजरायल पर लगा था जबकि इजरायल इस हमले से इनकार कर रहा था । ईरान ने धमकी दी थी कि वह बदला जरुर लेगा। अमेरिका भी कह चुका था कि ईरान जल्द हमला कर सकता है और रात में ईरान ने अपनी धमकी पूरी कर दी। इसके बाद सभी अलर्ट पर हैं।

